उत्तर रेलवे

पत्र स० 230 विधुत/परिचालन/ई०एम०यू०/टैक० सर्कुलर/2025 मण्डल कार्यालय

दिनांक 17 /01/2025 नई दिल्ली

**तकनीकी सर्कुलर - 01/2025 (EMU)**

समस्त वरिष्ठ लोको निरीक्षक

समस्त वरिष्ठ चालक दल नियंत्रक

गाजियाबाद, पानीपत, पलवल, दिल्ली, ह० निजामुद्दीन, तुगलकाबाद, रोहतक, मेरठ, आनंद विहार, शकूरबस्ती, सराय रोहिल्ला, रोहतक, जींद व जाखल

समस्त पर्यवेक्षक/ ईएमयू/ ह० निज़ामुद्दीन

विषय - 3-फेज़ ईएमयू/ एमईएमयू रैकों को energise करके गाड़ी मे कार्य करने व de-energise करने के संबंध मे।

संदर्भ - दिनांक 02.01.2025 को गाड़ी स० 20411 (DLI-SRE) का रैक energise न होने के संबंध मे।

उपरोक्त संदर्भ के अनुसार, दिनांक 01.01.2025 को समय 22.30 बजे गाड़ी स० 20412 (SRE-DLI) 3-फेज MEMU रैक स० 208143-218006-208143 = 12 कार 3-फेज MEMU का आगमन दिल्ली स्टेशन के PF-11 पर हुआ। ET श्री सतीश चन्द्र/ DLI व श्री जितेंद्र कुमार मीना /DLI ने उक्त रैक का चार्ज लिया। इसके बाद उक्त रैक को लगभग समय 02.15 बजे PF-11 से PF-04 पर प्लेस किया गया तथा उक्त रैक को सिक्युर करने के बाद उचित रूप से de-energise किया गया। उक्त रैक के दरवाजे – खिड़कियाँ बंद करके गाड़ी को लोक करके चाबियाँ ऑन ड्यूटि CC को जमा करवा दी गयी।

दिनांक 02.01.2025 को समय 09.40 बजे उक्त रैक को अगले लिंक की गाड़ी स० 20411 (DLI-SRE) मे कार्य करना था। ET श्री सतेन्द्र कुमार /DLI व श्री अमर सिंह मीना /DLI ने PF-04 पर उक्त रैक का चार्ज लिया। उक्त रैक को दोनों चालको द्वारा दोनों तरफ से energise करने की कोशिश की गयी परंतु सफलता नहीं मिली। इसकी सूचना CC/DLI व TLC/NDLS को दी गयी व फिटर की मांग की गयी। समय 08.55 बजे ईएमयू स्टाफ श्री अजय डोगरा /MCM व अन्य स्टाफ द्वारा रैक को energise करने की कोशिश की गयी परंतु फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद ईएमयू स्टाफ द्वारा लोको की मांग की गयी। समय 10.45 बजे लोको स० 22684/TKD उक्त रैक के साथ अटेच किया गया तथा प्रैशर पूरा होने के बाद समय 11.45 बजे 125 मिनट की अतिरिक्त विलंबता से गाड़ी स० 20411 का दिल्ली स्टेशन से प्रस्थान हुआ।

अतः सभी चालक 3-फेज़ ईएमयू/ एमईएमयू रैकों को energize करके गाड़ी मे कार्य करने व de-energise करने की निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाये-

ईएमयू/ एमईएमयू गाड़ियों को Energise करके यात्रा के लिये तैयार करना -

1. सारे MCBs ऑन है और सारे आइसोलेशन स्विचेस 11 बजे कि स्थिति में है यह सुनिश्चित करे।
2. दोनो DMC (Driving Motor Coach ) मे एमर्जेंसी ऑफ पुश बटन रिलिज (नॉर्मल) स्थिती मे है यह सुनिश्चित करे।
3. यदि DMC में कंट्रोल सप्लाई नही है तो बॅटरी को ऑन करे।
4. सारे पेंटो रेज तथा वीसीबी क्लोज है यह सुनिश्चित करे, यदि नही है तो पेंटो रेज तथा वीसीबी क्लोज करे।
5. MR प्रेशर सामान्य (6.0-7.0 $Kg/cm^2$) है यह सुनिश्चित करे।
6. ICS (Isolationg coc switch) ऑन करे और बीपी प्रेशर बढ रहा है यह देखे।
7. कैब ऑक्यूपेशन सिलेक्टर स्विच नोर्मल (11 बजे की स्थिती) मे है यह सुनिश्चित करे और DCS (Driver Control Switch) ऑन करे SB-1 बेल बजेगी, लॅम्प टेस्ट होगा, DDU पर कॅब ऑक्युपेशन सिम्बॉल नीले कलर मे

दिखेगा DDU पर Vmax 100 दिखेगा, ब्रेक सिलिंडर मे 1.6 Kg/cm² से 1.2 Kg/cm² का होल्डिंग ब्रेक लग जायेगा।

8. DCS ऑन करने पर कॅब ऑक्युपेशन नही हो रहा है तो,
   गार्ड कॅब का DCS ऑन नही है यह सुनिश्चित करे, ICS को एक दो बार ऑन-ऑफ करे, ICS बाइपास स्विच ऑन करे, फिर भी कॅब ऑक्युपेशन नही हो रहा है तो कैब ऑक्यूपेशन सिलेक्टर स्विच को ऑन करे, कॅब हाई प्रायोरिटी मे ऑक्युपाइ होगा।
9. गार्ड के साथ स्टेशनरी ब्रेक टेस्ट (ब्रेक पाईप निरंतरता टेस्ट)/JBT करे।
10. डेडमॅन डिवाईस जांच, PBC (Power Brake Controller) को ईमर्जेंसी मे लाकर बीपी ड्रॉप हो रहा है यह सुनिश्चित करे।
11. हेड लाईट तथा फ्लॅशर लाईट जांच ले तथा ब्लिंकर, टेल लाईट ऑफ है यह भी जांच ले।
12. पार्किंग ब्रेक रिलिज करे, गार्ड का बीट मिलने पर ट्रेन स्टार्ट करने से पहले अपना सिग्नल ऑफ है यह देखे।
13. ट्रेन रवाना होते ही ब्रेक फील टेस्ट कर ले, निर्धारित स्थान पर ब्रेक पावर टेस्ट भी करे।

<u>ईएमयू/एमईएमयू गाड़ी को शट डाउन/स्टेबल कैसे करे</u> -


1. ट्रेन को सुरक्षित जगह पर खड़ी करे
2. VCB ओपन तथा पेंटो लोअर करे
3. ब्रेक कंट्रोलर से बीपी ज़ीरो करे
4. ICS को ऑफ करे, ब्रेक कंट्रोलर हॅन्डल को रिलिज करे तथा बीपी का ज़ीरो होना तथा BC गेज मे 1.6 Kg/cm² प्रेशर सुनिश्चित करे।
5. DCS को ऑफ करके निकाले
6. पार्किंग ब्रेक का लगा होना सुनिश्चित करे
7. पेनल पर लगी Battery स्विच से बैटरी ऑफ करे तथा सभी DMC/NDMC से BIS (Battery Isolating Switch ) ऑफ करे।
8. दोनो DMC मे wooden wedges तथा चेन का लगा होना सुनिश्चित करे।
9. दोनो DMC के दरवाजे तथा विंडो बंद करे।
10. ICS और DCS key स्टेशन मास्टर ऑफिस या लॉबी में जमा करे।

समस्त वरिष्ठ लोको निरीक्षक व समस्त वरिष्ठ चालक दल नियंत्रक अपने मनोनीत स्टाफ को उक्त मद पर काउंसिलिंग करें। इसे अति आवश्यक समझे।

हस्ते वरिष्ठ मण्डल विधुत इंजीनियर/ परिचालन
नई दिल्ली

प्रतिलिपि - प्रधान मुख्य अभियंता प्रधान कार्यालय बड़ोदा हाउस नई दिल्ली - सूचनार्थ हेतु।
मुख्य विधुत कर्षण इंजीनियर /उ०रे० प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस नई दिल्ली - सूचनार्थ हेतु।
प्रधानाचार्य/विधुत प्रशिक्षण केंद्र उ०रे० गाज़ियाबाद - आवश्यक कार्यवाही हेतु।
मुख्य कर्षण लोको नियंत्रक, नई दिल्ली - आवश्यक कार्यवाही हेतु।
मुख्य लोको निरक्षक, बी०टी०सी०/तुगलकाबाद - आवश्यक कार्यवाही हेतु।

## Left Hand Panel




| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Cab Light | 10 | Aux Head Light |
| 2 | Cab Fan | 11 | Guard Wiper |
| 3 | Cab Light Emergency | 12 | Driver Wiper |
| 4 | Cab Spot Light | 13 | Lamp Test |
| 5 | Audio Visual | 14 | Head Light Failure |
| 6 | Flasher Light | 15 | Wiper |
| 7 | Parking Brake Release | 16 | Wash Pump |
| 8 | Parking Brake Apply | 17 | SB-I |
| 9 | Head Light | 18 | SB-II |

## Middle Panel




| | |
|---|---|
| 1 | Emergency Off Push Button |
| 2 | Panto Up/Dn |
| 3 | Neutral Section |
| 4 | VCB On/Off |
| 5 | Cruise Control |
| 6 | Fault Reset |
| 7 | AWS Vigilance |

## FIP Right Panel




| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | TCN Failure | 7 | Not All Panto Up |
| 2 | Emergency Brake | 8 | Not all VCB On |
| 3 | Emergency Off | 9 | Min. One AS Failure |
| 4 | Min. One Brake applied | 10 | RDM Active |
| 5 | AWS Service Brake | 11 | Min. One Panto Up |
| 6 | AWS Emergency Brake | 12 | Min. One VCB Up |